(b) if so, the details of the proposal?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF STEEL (INDEPENDENT CHARGE) (SHRI SANTOSH MOHAN DEV): (a) and (b) Do not arise as there is no formal control on the prices of iron and steel.

राज्यों में उद्यान कृषि (हार्टिकल्चर) बोर्डों की स्थापना किया जाना

1761. **श्री अजीत जोगी :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करगे कि

(क) क्या सरकार राज्यों में भी उद्यान कृषि (हार्टिकल्चर) बोर्डों की स्थापना करने पर विचार रखती है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो क्या वैकल्पिक व्यवस्थां की जा रही है ताकि इस संबंध में कार्य अधिक गति से हो सके ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन) : (क) और (ख) राज्य स्तर के बागबानी बोर्डों के गठन का निर्णय संबंधित राज्य सरकारों द्वारा लिया जाना है । राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय सरकार ने 1984 में एक राष्ट्रीय बागबानी बोर्ड का गठन किया थां जिसका उद्देश्य, बागबानी को बढावा देना थां । राष्ट्रीय बागबानी बोर्ड, इस उद्देश्य की प्रांप्ति के लिए विभिन्न राज्यों में कई योजनायें क्रियान्वित कर रहा है । अधिक तर योजनायें राज्य सरकारों द्वारा चलायी जाती हैं जिसके लिए बोर्ड सहायता देता है । बागबानी के महत्व को देखते हुए कई राज्य सरकारों ने अलग बागबानी विभांगों का सृजन किया है ।

मध्य प्रदेश में रेलवे के उपरि-पुलों तथा अन्य योजनाओं पर खर्च की गई राशि

1762. **श्री अजीत जोगी :**

कुमारी आलिया :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में रेलवे उपरि पुलों से संबंधित योजनाओं और क्रियान्वयनाधीन अन्य रेल परियोजनाओं पर अब तक कितनी धन राशि खर्च की जा चुकी है ;

(ख) ये योजनायें कब तक पूरी हो जायेंगी ; और

(ग) इनके पूरा होने के समय में तथा लागत में कितनी वृद्धि होने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) से (ग) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभां पटल पर रख दी जाएगी ।

Smuggling of Milk Products

1763. SHRI GHUFRAN AZAM: Will the Minister of AGRICULTURE be pelased to state:

(a) whether Government have recently unearthed a well organised racket of smuggling of Khoya and other milk products into the capital from Ghaziabad;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether Government have conducted any raids at godowns and units making Khoya, Paneer and Ghee during the month of May, June and July this year in the capital;

(d) if so, the details thereof and the persons arrested so far; and

(e) the action contemplated by Government against the involved persons?